**प्रेस नोट**

**दिनांक 27.06.2025**

**बरेली पुलिस**

**थाना देवरनियां**

**थाना देवरनियां, एसओजी व सर्विलांस टीम #bareillypolice द्वारा लूट की घटना का अनावरण कर दो शातिर लुटेरों अभियुक्तों को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चाँदी के जेवर (कुल कीमत करीब 50 हजार रूपये), 30 हजार रूपये नकद, दो तमंचा 315 बोर मय जिंदा व खोखा कारतूस तथा चोरी की एक मोटरसाईकिल बरामद।**

थाना देवरनियां, एसओजी व सर्विलांस टीम पुलिस द्वारा लूट की घटना कारित करने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण 1. शिवम पुत्र रामौतार नि0 ग्राम गुलड़िया थाना मीरगंज, जिला बरेली उम्र 22 वर्ष 2. दिनेश उर्फ हरिनन्दन पुत्र सियाराम नि0 ग्राम बुझिया सुमाली थाना भोजीपुरा, जिला बरेली उम्र 32 वर्ष को पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से लूटी हुई सम्पत्ति चाँदी के जेवर व 30 हजार रूपये नकद व दो अदद तमंचा 315 बोर मय 05 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की एक मोटरसाईकिल अपाचे रंग सफेद रजि0 नं0 UK06AF3503 को बरामद किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 15.07.2025 की शाम अज्ञात लुटेरों द्वारा वादी श्री विनोद कुमार रस्तौगी पुत्र दरबारी लाल नि0 धौराटाडां थाना भोजीपुरा जिला बरेली से एक मोबाइल तथा बैग मे रखा पुराना सामान तथा करीब 35,000/- रुपये लूट कर ले जाने की घटना के सम्बन्ध में थाना देवरनियां पर मु0अ0सं0 320/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

थाना देवरनियां, एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा उपरोक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए दिनांक 26/27.07.2025 की रात्रि को थाना देवरनियां क्षेत्रान्तर्गत बसुधरन जागीर मन्दिर से रहपुरा घनश्याम की ओर सड़क पुख्ता पर चैकिंग के दौरान बदमाशों से पुलिस मुठभेड़ में दो अभियुक्तगण **1. शिवम पुत्र रामौतार नि0 ग्राम गुलड़िया थाना मीरगंज, जिला बरेली उम्र 22 वर्ष 2. दिनेश उर्फ हरिनन्दन पुत्र सियाराम नि0 ग्राम बुझिया सुमाली थाना भोजीपुरा, जिला बरेली उम्र 32 वर्ष** के पैरों में गोली लगने पर घायल अवस्था में मौके से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तों द्वारा नाजायज असलाह से पुलिस पार्टी को जान से मारने की नीयत से फायर किये गये थे। मुठभेड़ के दौरान कां0 नितिश पंघाल भी घायल हुये हैं। अभियुक्तों के कब्जे से लूटी हुई सम्पत्ति जिसमें चाँदी के जेवर व 30 हजार रूपये नकद व दो अदद तमंचा 315 बोर मय 05 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की एक मोटरसाईकिल अपाचे रंग सफेद रजि0 नं0 UK06AF3503 बरामद हुई । घायल दोनों अभियुक्तों व पुलिसकर्मी को ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. शिवम पुत्र रामौतार नि0 ग्राम गुलड़िया थाना मीरगंज, जिला बरेली उम्र 22 वर्ष (घायल)
2. दिनेश उर्फ हरिनन्दन पुत्र सियाराम नि0 ग्राम बुझिया सुमाली थाना भोजीपुरा, जिला बरेली उम्र 32 वर्ष (घायल)

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

1.मु0अ0सं0 320/2025 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना देवरनियाँ जनपद बरेली **(लूट)**
2.मु0अ0सं0 351/2025 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना देवरनियाँ, बरेली **(पुलिस मुठभेड़)**

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः-**

पूछताछ पर अभियुक्त दिनेश उर्फ हरिन्दन उपरोक्त ने बताया कि शिवम उपरोक्त मेरा भांजा है। हम आपस में मामा-भांजे है तथा अपनी आथिक एवं भौतिक जरूरतों को पूरा करने के लिए गैंग बनाकर थाना देवरनियां क्षेत्र व अन्य थाना/जनपद में अवैध असलहों का भय दिखाकर चोरी व लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। विस्तृत पूछताछ व एनसीआरबी द्वारा प्राप्त आँकड़ों से अभि0गण के विरूद्ध जनपद के अन्य थानों व अन्य जिलों में आपराधिक मुकदमे पंजीकृत है। आज अभि0गण से दौराने गिरफ्तारी लूट व चोरी का माल बरामद हुआ है।

**घायल अभियुक्त शिवम उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 320/2025 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना देवरनियाँ जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 351/2025 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना देवरनियाँ, बरेली